केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया,
जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

संस्कृत संर्वधन की योजना के अन्तर्गत सत्र 2022-23 की मेधावी छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु संस्कृत पाठशालाओं/संस्कृत महाविद्यालयों/ संस्कृत विश्वविद्यालयों एवं माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक-विद्यालयों/कॉलजों/विश्वविद्यालयों में नियमित रूप से अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से ऑनलाईन आवेदन पत्रों का आमन्त्रण

संस्कृत भाषा के प्रचार एवं प्रसार के लिए शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा संचालित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षा के विकास की योजना के अन्तर्गत परम्परागत धारा में मान्यता प्राप्त संस्कृत पाठशाला/संस्कृत महाविद्यालय/ संस्कृत विश्वविद्यालय तथा आधुनिक धारा में मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में *पूर्वमध्यमा (प्रथमवर्ष)/9वीं, पूर्वमध्यमा (द्वितीयवर्ष)/10वीं, उत्तरमध्यमा/प्राक्शास्त्री-(प्रथमवर्ष)/11वीं, उत्तरमध्यमा/प्राक्शास्त्री-(द्वितीयवर्ष)/12वीं, शास्त्री/बी.ए. (प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष), आचार्य/एम.ए.(प्रथम/द्वितीय वर्ष) तथा विद्यावारिधि/पी.एचडी.* पाठ्यक्रमों में अथवा तत्सम पाठ्यक्रमों में संस्कृत/पालि/प्राकृत भाषा को मुख्य विषय या ऐच्छिक विषय के रूप में नियमित अध्ययनरत छात्रों के लिए मेधावी छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु ऑनलाईन माध्यम से आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं।

- छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन द्वारा ही स्वीकार्य है। कोई भी आवेदन पत्र या प्रमाण पत्र डाक द्वारा अथवा अन्य माध्यम से विश्वविद्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है।
- संस्थाओं का ऑनलाईन पंजीकरण तथा छात्रों को छात्रवृत्ति आवेदन पत्र ऑनलाईन द्वारा जमा करने की प्रक्रिया एवं निर्धारित तिथियाँ :-

सोपान	विस्तृत सूचना	निर्धारित तिथियाँ	
सोपान (Step-I)	सभी शैक्षिक संस्थाओं को ऑनलाईन के माध्यम से पंजीकरण अथवा प्रोफाईल अपडेशन करना होगा।	पंजीकरण/प्रोफाईल अपडेशन करने की आरम्भ तिथि 10.11.2022	पंजीकरण/प्रोफाईल अपडेशन करने की अन्तिम तिथि 27.01.2023
सोपान (Step-II)	सम्बद्ध संस्था का नाम छात्रों का ऑनलाईन आवेदन पत्र में प्रदर्शित होने के पश्चात् छात्र द्वारा छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन करना होगा।	ऑनलाईन द्वारा आवेदन करने की आरम्भ तिथि 10.11.2022	ऑनलाईन द्वारा आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31.01.2023

- छात्रवृत्ति हेतु शैक्षक संस्था द्वारा पंजीकरण/प्रोफाईल अपडेशन/छात्रों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने के लिए अर्हता/शर्तें, आवश्यक प्रमाण पत्र तथा अन्य विस्तृत विवरण के लिए विश्वविद्यालय की निर्धारित वेबसाईट **www.sanskrit.nic.in/schemes/** अथवा **www.scholarship.csu.co.in** का अवलोकन करें।

कुलसचिव